संस्थान में वृक्षारोपण करने की तकनीक पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन दिनांक 05.09.2024 एवं 06.09.2024

वृक्षारोपण करने की तकनीक पर प्रथम चरण के दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन दिनांक 05.09.2024 एवं 06.09 2024 को राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), वन भवन भोपाल मध्य प्रदेश के वित्तीय सहयोग से प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 32 वन मंडलों से 97 परिक्षेत्र अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री प्रदीप वासुदेवा, संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के द्वारा वृक्षारोपण की आवश्यकतायें एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा उपसंचालक एवं कार्यालय प्रमुख, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, श्री रवींद्र मणि त्रिपाठी के द्वारा वृक्षारोपण का महत्व एवं भविष्य में इसके पर्यावरण पर अनुकूल प्रभाव पर जानकारी प्रदाय की। तकनीकी सत्र में श्री के. एल. कांवरे, सेवानिवृत्त, सहायक वन संरक्षक नें वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन एवं वृक्षारोपण पर व्यवहारिक ज्ञान उपस्थित सभी अधिकारियों से सांझा किया। डॉक्टर नकुल राव रंगारे, मंगलायतन, विश्वविद्यालय, जबलपुर नें वृक्षारोपण के स्थल से लेकर प्रबंधन तकनीकी तक विस्तार से जानकारी प्रदाय की। डॉक्टर आर. बाजपेई जे.एन.के.वि.वि., जबलपुर नें वृक्षारोपण के पहले एवं बाद में पौधें पर कीट के प्रभाव एवं इससे निदान पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की। श्री एस.के. जैन, सेवानिवृत्त, सहायक वन संरक्षक ने वृक्षारोपण के आवश्यक दस्तावेजों का रखरखाव, वृक्षारोपण परियोजना तैयार करना, एम. बी. प्लांटेशन जरनल, तकनीकी एवं इसके प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के महत्व को विस्तार से बताया। डॉक्टर अविरल असैया, वैज्ञानिक, टी.एफ.आर.आई. जबलपुर के द्वारा वृक्षारोपण के पूर्व एवं पश्चात में कवक के प्रभाव एवं उसके लक्षण एवं रोकथाम पर जमीनी स्तर पर उपयोगी जानकारी प्रदाय की। डॉ. उदय होमकर,वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के द्वारा वृक्षारोपण वन क्षेत्र पर खरपतवार लैंटाना उन्मूलन तकनीक पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पूर्वान्ह मदन महल के अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र में संस्थान के मार्गदर्शन में स्मार्ट सिटी, जबलपुर द्वारा करायें गयें सफल वृक्षारोपण का फील्ड एक्सपोसर एवं फील्ड पर आ रही समस्याओं एवं निदान पर चर्चा की गई। अपरान्ह समापन समारोह के अवसर पर संचालक एवं उपसंचालक राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया और विभिन्न वन मण्डलों से आये हुये परिक्षेत्र अधिकारियों को प्रमाण पत्र एवं समूह छाया चित्र प्रदाय किया गया।

करने की तकनीक पर दो दिवसीय